राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण

RNI No. MPHIN/25/A2500

www.janodaypunch.com

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | मंगलवार, 31 मार्च 2026 | कीमत : 1रुपए

भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर निकली विशाल शोभायात्रा, समाज ने दिया अहिंसा का संदेश

अभिषेक, शांतिधारा, भजन एवं शोभायात्रा के साथ धार्मिक वातावरण हुआ भक्तिमय



महावीर जन्म कल्याणक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया



जनोदय पंच। सेंधवा। सकल जैन समाज द्वारा आज भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा जैन मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा के पश्चात् सकल जैन समाज के बच्चो एवं संयम बहुमण्डल तथा प्रेरणा बहुमण्डल द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक पहलुओं को ध्यान मे रखकर प्रेरणास्पद नाटक का मंचन किया गया।



वर्तमान मे पुरे विश्व मे जिस प्रकार की अशांति का वातावरण फैला हुआ है इन हालातो मे हमे भगवान महावीर द्वारा बताए गए मार्ग को अपनाने एवं वर्तमान हालातो मे जिस प्रकार से नशे एवं अन्य बुराईयां बढती जा रही है फिर चाहे वह नशा सिगरेट का हो, शराब का हो या फैशन का हो या मोबाइल का उनकी रोकथाम को लेकर जैन समाज की महिलाओं एवं बच्चो ने नाटिकाओं एवं नृत्य के माध्यम से मनमोहक एवं प्रेरणास्पद प्रस्तुतीया देकर सभी उपस्थितजनो को सम्मोहित कर दिया। इस अवसर पर सकल जैन संघ द्वारा बालसमुद मे जैन स्थानक बनाने हेतु मुंशीलाल ऐरन परिवार द्वारा जो भुमि जैन समाज को दान दी गई है इस उपलक्ष्य मे उनका प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वर्धमान स्थानकवासी, जैन श्रावक संघ के सरंक्षक बी.एल. जैन ने अपने उद्बोधन मे कहा कि वर्तमान मे जिस प्रकार से पुरे विश्व मे भय एवं आतंक एंव अशांति का वातावरण है उस दौर मे भगवान महावीर स्वामी द्वारा जो संदेश आज से 2600 वर्ष पुर्व अहिंसा एवं जीओ और जीने दो का जो संदेश दिया था वह संदेश वर्तमान परिपेक्ष्य मे प्रासंगिक लगता है। इसी संदेश की आज पुरे विश्व को कार्य रूप मे परिणीत करने की आवश्यकता है। श्वेताम्बर मुर्तिपुजक संघ के राजेन्द्र मोमाया एवं वर्धमान स्थानकवासी संघ के अध्यक्ष तेजस शाह एवं दिगम्बर समाज के अशोक पाटनी ने भी महावीर जन्मकल्याणक की सभी को बधाई देते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। जैन मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा का सेंधवा वैश्य महासम्मेलन द्वारा भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम पश्चात सकल जैन संघ का सामुहिक भोजन भी हुआ । इस अवसर पर श्री संघ के अंबालाल शाह , दीपक लालका , अशोक सकलेचा , राजेन्द्र कांकरिया, गिरिश लालका, नंदलाल बुरड़, प्रकाश सुराणा, महावीर सुराणा, प्रेमचंद सुराणा, , डा. किंशुक लालका, निलेश जैन, योगेश पाटनी, डा एम के जैन, चंद्रकांत बागरेचा, रोहित मोमाया, गिरिश नागडा, सहित समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश बागरेचा एंव रूचिता जैन ने किया।

जनोदय पंच। सेंधवा के मैकेनिक नगर स्थित जैन दिगंबर चौत्यालय में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समाजजनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

धार्मिक अनुष्ठानों से हुई शुरुआतः

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे भगवान महावीर के अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई, जिसे योगेश पाटनी, अशोक पाटनी और आशीष जैन द्वारा विधि-विधान से संपन्न किया गया। इसके बाद श्रीजी की भव्य शोभायात्रा बैंड-बाजे के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भजन प्रस्तुति से सजा आयोजन

जैन प्रबुद्ध मंच से जुड़ी महिला मंडल की जिला अध्यक्ष एवं समाज की सचिव सोनम जैन के नेतृत्व में महिला मंडल द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई।

समाजजनों की रही सहभागिता

आयोजन में समाज के रत्नेश जैन, चिंटू जैन, पारस जैन, काव्यांश जैन, योगिता जैन, ममता जैन, मोनिका जैन, प्रियल जैन, नेहा जैन और निर्मला जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भगवान महावीर के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

निमाड़ क्षेत्र का एकमात्र वृहद शिक्षण संस्थान समूह

सरदार पटेल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस, सेंधवा

• D.Pharma 2 Year Course
• B.Pharma 4 Year Course

योग्यता- 12वीं जीव विज्ञान/गणित विषय में उत्तीर्ण 45% अंक के साथ. अजा, अजजा, पि. वर्ग के विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95846 39000, 74899 22121

कॉलेज कैंपस - ग्राम सिलदड़ एवं चाटली (सेंधवा)
सिटी ऑफिस - शिव कॉलोनी, निवाली रोड, सेंधवा

90097 22208, 98268 46868
74899 22123, 95846 39000

तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रम

B.E. CS, ME, EC, Civil, EE, Fire Tech & Safety
4 Year Course, योग्यता: 12वी उत्तीर्ण (गणित विषय)

POLYTECHNIC
ME, Civil, EE 3 Year Course, योग्यता: 10वी उत्तीर्ण

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 90099 89208, 84359 89208, 98269 33134

शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

B.P.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता: किसी भी विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर

M.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता - बी.एड. / डी.एल.एड. एवं स्नातक

प्रवेश हेतु संपर्क करें...
7697889208, 74899 22125, 74899 22126, 9131779768, 95846 39000

विधि शिक्षण पाठ्यक्रम

विद्या ददाति विनयं

L.L.B. 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम
B.B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 9516489208,9826846868, 95846 39000

व्यावसायिक प्रबंधन शिक्षा पाठ्यक्रम

MBA 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता : स्नातक किसी भी विषय में

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार

SC/ST/OBC के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95164 89208, 90099 89208